तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 4 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 उल्लास साक्षरता महापरीक्षा के प्रभारियों…



14 जनता के विश्वास को बताया अपनी शक्ति, ….



## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग की हुई मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत धनोरा के पास 2 दिसंबर को दोपहर ढाई बजें अज्ञात कारणों के चलते दुधावा चौकी निवासी 65 वर्षीय मन्नु मरकाम का मौत हो गया। दुधावा निवासी 45 वर्षीय पवन मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतक का मौत अज्ञात कारणों से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल अंतर्गत घोटिया निवासी 36 वर्षीय लीलाबाई तारम का इलाज के दौरान 8 नवंबर को जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अपर कलेक्टर विस सत्र के नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का सप्तम (शीतकालीन) सत्र 14 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2025 तक आहूत किया गया है। विधानसभा सत्र के दौरान त्वरित जानकारी प्राप्त करने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को विधानसभा प्रश्नों का उत्तर समय-सीमा के भीतर शासन को प्रेषित करने नोडल अधिकारी को अवगत कराना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

समाधान : भाई ने बहनों से कहा था कि धर्म बदल लिया है, गांव में शव मत लाना

# कुरना में अंतिम संस्कार पर मचा बवाल, प्रशासन के दखल के बाद अंततः हुआ शांतिपूर्ण समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तहसील नरहरपुर के ग्राम कुरना में मंगलवार 2 दिसंबर को उस समय तनावपूर्ण माहौल बन गया, जब गांव की धर्मांतरित महिला के अंतिम संस्कार को लेकर गांववालों, परिजनों और धर्मांतरित पक्ष के बीच विवाद गहरा गया। धर्मांतरण और पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर उपजे मतभेद ने स्थिति को घंटों जकड़े रखा। मामला इतना बढ़ गया कि प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा और कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम तनाव को शांत किया गया। जानकारी के अनुसार कुरना निवासी 70 वर्षीय मुरही पति दयालु जुर्री की चार बेटियां और एक लड़का है। चारों बेटी की शादी ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ मृतिका की बेटी शव लेकर पहुंची गांव, मृतिका के भाई एवं ग्रामीणों ने जताया विरोध



### गाँव में कई घंटे तक स्थिति तनावपूर्ण, बेटी गायब

शव को कुरना लाए जाने के बाद जहां ग्रामीण और परिजन अंतिम संस्कार के स्थान को लेकर आमने-सामने थे, वहीं मृतका की बेटी कुछ समय के लिए गायब हो गई, जिसके कारण स्थिति और उलझती चली गई। लगभग कई घंटों तक शव बिना अंतिम संस्कार के रखा रहा। ग्रामीणों और धर्मांतरित पक्ष में बहस का माहौल बन गया और तनाव धीरे-धीरे बढ़ने लगा।

### एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस ने संभाली स्थिति

एसडीएम अरूण वर्मा, तहसीलदार पौरूश वेंताल, थाना पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बात की और यह साफ किया कि किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। प्रशासन ने मृतिका की बेटी का पता लगवाया और उसे गाँव बुलाया गया। जब वह पहुँची, तो अधिकारियों ने उसे समझाइश दी कि विवाद को बढ़ाने से बेहतर है कि अंतिम संस्कार गांव से बाहर किसी शांतिपूर्ण स्थान पर किया जाए।

### महासमुंद ले जाकर किया गया अंतिम संस्कार

प्रशासन के द्वारा काफी समझाइश और चर्चा के बाद मृतिका की बेटी ने प्रशासन के सुझाव पर सहमति जताई। कुरना से शव को प्रशासन की निगरानी में मंगलवार 2 दिसंबर की रात करीब 7 बजे रवाना किया गया। इसके बाद गांव में धीरे-धीरे तनाव कम हुआ और स्थिति सामान्य हुई।शव को महासमुंद ले जाया गया, जहाँ ईसाई विधि के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया।

### धर्मांतरण और अंतिम संस्कार बड़ी चुनौती

यह घटना न सिर्फ परिवार के भीतर मतभेद को दर्शाती है, बल्कि ग्रामीण समाज में धर्मांतरण के प्रश्न पर मौजूद संवेदनशीलता को भी उजागर करती है। गांवों में परंपरा, सामाजिक नियम और धर्म को लेकर बने दृष्टिकोण के कारण ऐसे विवाद उभरते रहते हैं। कुरना में हुए इस विवाद ने फिर एक बार यह दिखाया कि धर्म परिवर्तन के बाद अंतिम संस्कार जैसे प्रश्न भी बड़ी सामाजिक चुनौती बन सकते हैं।

# संबलपुर के थोक व्यापारी के गोदाम से 100 क्विंटल से ज्यादा धान भंडारण का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सतर्क ऐप पर आई एक शिकायत ने संबलपुर में बड़े अनियमित भंडारण का पर्दाफाश कर दिया। एसडीएम गंगाधर वाहिले के निर्देश पर की गई संयुक्त छापामार कार्रवाई में थोक व्यापारी कुशल जैन के गोदाम से उम्मीद से कई गुना अधिक धान बरामद हुआ। जांच टीम जब मौके पर पहुँची तो गोदाम में रखे 104.80 क्विंटल अतिरिक्त धान ने पूरे विभाग को चौंका दिया, जिसके बाद तत्काल जप्ती और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया करते हुए थोक व्यापारी पर शिकंजा कसा गया। जाँच पर पहुँचे अधिकारियों ने बताया कि गोदाम की नियमित स्टॉक प्रविष्टियों और मौके पर मिले वास्तविक स्टॉक में भारी अंतर पाया गया। दस्तावेजों के अनुसार व्यापारी के पास जितना धान होना चाहिए था, उससे कहीं अधिक धान मौके पर पाया गया। जांच में कुल 104.80 क्विंटल अतिरिक्त धान बरामद किया गया, जिसे तत्काल प्रभाव से जप्त ▶▶| शेष पेज 12 पर



### अवैध भंडारण में शामिल लोगों की होगी पतासाजी

स्थानीय प्रशासन के इस कदम को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। अधिकारी इस मामले में आगे भी गहन जांच कर सकते हैं, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि अवैध धान भंडारण में और कौन लोग शामिल हैं। वहीं, जप्त किए गए धान को मंडी अधिनियम के अनुसार सुरक्षित रखकर नियमानुसार आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# पीएम सूर्य घर बिजली योजना पर हुआ शिविर

**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में 3 दिसंबर को प्रधानमंत्री सूर्य घर सस्ती–मुफ़्त बिजली योजना के तहत जागरूकता एवं पंजीयन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सोलर प्रोडक्ट्स जैसे ग्रीन हाफ ग्रीन हाइब्रिड सोलर सिस्टम, सोलर वाटर हीटर, सोलर स्ट्रीट लाइट, बैटरी, इन्वर्टर आदि के बारे में विशेषज्ञों ने जानकारी दी। शिविर में बिजली विभाग, नगर पंचायत एवं योजना से जुड़े रजिस्टर्ड वेंडर्स द्वारा उपस्थित हितग्राहियों को पूरी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सीएमओ आईएल पटेल, बिजली विभाग से असिस्टेंट इंजीनियर उत्तम यदु, जेई सीएस उसेंडी, जेई एंटोनी कुजूर, मिथलेश साहू, एई जितेंद्र देहरी,



दीनदयाल माझी, लव गिरी गोस्वामी, नगर पंचायत के सब इंजीनियर हिमांशु कवाडे, सहायक राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सिंह, पार्षद राजिंदर रंधावा, सुमित्रा साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान उपस्थित रहे।

# राहुल और सोनिया पर एफआईआर के विरोध में पीएम व ईडी का पुतला फूंका

**चारामा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के विरोध में जिले का राजनीतिक माहौल गरमा गया। इसी क्रम में बुधवार, 3 दिसंबर को चारामा बस स्टैंड में युवक कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री और ईडी का पुतला दहन किया। बुधवार 3 दिसंबर की दोपहर में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता झंडा-बैनर लेकर बस स्टैंड पहुंचे और केंद्र सरकार व ईडी की कार्रवाई के खिलाफ तीखी



नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने इस एफआईआर को राजनीतिक प्रतिशोध बताया। युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेंद्र नायक ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई हुई है, इसलिए बार-बार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से प्रेरित, फर्जी और मनगढ़ंत एफआईआर दर्ज कर विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। उन्होने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को चुप कराने की कोशिश की जा रही है, जिसे देश की जनता किसी भी हाल में स्वीकार नहीं ▶▶| शेष पेज 12 पर

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगर भोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्ते लागू*  शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



## खबर संक्षेप



### लाइब्रेरी में पेयजल और बिजली संकट से पठन-पाठन प्रभावित

**दुर्गुकोंदल।** मावा मोदेल लाइब्रेरी में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को गंभीर मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका पठन-पाठन कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इन गंभीर कमियों के त्वरित समाधान की मांग करते हुए सर्व आदिवासी युवा प्रभाग के पदाधिकारीयों व विद्यार्थियों ने मंगलवार को विधायक सावित्री मंडावी को लिखित आवेदन सौंपा। छात्रों ने अपने ज्ञापन में बताया कि लाइब्रेरी में सबसे बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। अध्ययन के दौरान उन्हें पेयजल, बिजली और इंटरनेट जैसी अत्यंत आवश्यक सुविधाओं के बिना रहना पड़ रहा है। बुनियादी कमियाँ उनके शैक्षणिक भविष्य को खतरे में डाल रही हैं। एक छात्र ने बताया कि बिजली और इंटरनेट के बिना प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना लगभग असंभव है। हम चाहते हैं कि हमें एक ऐसा वातावरण मिले, जहाँ हम शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ सकें। विद्यार्थियों ने विधायक से अनुरोध किया है कि वे इन समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करें, ताकि मावा मोदेल के सभी छात्रों को एक उपयुक्त एवं अनुकूल अध्ययन वातावरण मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान जागृति, लतीफ, शीतल, गौतम एवं सर्व आदिवासी युवा प्रभाग जिला प्रवक्ता दीपक कल्लो, गोंडवाना युवा प्रभाग ब्लॉक सचिव अशंवत दुग्गा, सदस्य विजय मरकाम, प्रमोद तेता व अन्य उपस्थित रहें।

### कलेक्टर ने बस्तर ओलम्पिक की तैयारियों का लिया जायजा

**जगदलपुर।** बस्तर ओलम्पिक के आगामी संभाग स्तरीय आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कलेक्टर हरिस एस ने बुधवार को इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम का गहन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्वयं स्टेडियम पहुंचकर चल रहे कार्यों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आयोजन को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया, जिसके तहत जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें जिले के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सांसद ने दिव्यांग प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ दिव्यांगजनों को अवश्य मिलना चाहिए। इसमें शासन-प्रशासन के साथ-साथ आम आदमी की भी सहभागिता आवश्यक है। सांसद ने कहा कि दिव्यांगजनों में विशेष और कुदरती क्षमता होती है, जिसे दिशा देने की जिम्मेदारी उनके माता-पिता व गुरुजनों के साथ-साथ आम नागरिकों की भी है। विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांगों की सेवा ही सही मायने में पूजा है। अतः प्रत्येक व्यक्ति को दिव्यांगजनों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। विशिष्ट अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रकृति ने दिव्यांगजनों में अपेक्षाकृत अधिक क्षमता व प्रतिभा प्रदान की है, अगर उन्हें थोड़ी सी मदद मिले। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, ताकि वे समाज और देश में अपना यथोचित स्थान हासिल कर सकें। इस अवसर पर उन्होंने सभी विजयी प्रतिभागियों को विश्व दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांगप्रतिभागी हुए सम्मानित

विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में समाज कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग तथा समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय एक दिवसीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथियों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं विशेष शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विशेष शिक्षक विकास साहू, विष्णुदत्त करेन्द्र, मनीष निषाद, कोमल अटल, वर्षा मरकाम, गीता तिवारी तथा एनजीओ संचालक भूपेन्द्र मिश्रा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा परधनमोती साहू को भी मंचस्थ अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।



## वन विभाग ने लगभग 50 लाख रुपए की लागत से तैयार किया

# वन मंत्री ने जैसाकर्रा में इंदरू केंवट नेचर पार्क का किया लोकार्पण, जनता को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने 3 दिसंबर को चारामा के ग्राम जैसाकर्रा में स्थापित इंदरू केंवट नेचर पार्क का लोकार्पण किया। समारोह में विधायक भानुप्रतापपुर सावित्री मण्डावी भी उपस्थित रही। चारामा वन परिक्षेत्र के ग्राम जैसाकर्रा में इस नेचर पार्क का निर्माण 49 लाख 85 हजार रूपए की लागत से किया गया है।

नेचर पार्क के लोकार्पण अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए वन मंत्री ने कहा कि यह नेचर पार्क बहुत अच्छा बना है। भविष्य में इसका और विकास किया जाएगा। इसके विकास में नेचर को ध्यान रखे और कांक्रीट का ज्यादा उपयोग न किया जावे। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि हमारा बस्तर वनों से आच्छादित है। इसके महत्व को समझें और इसका संरक्षण करते हुए वनोंपज के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री मण्डावी ने कहा कि इंदरू केंवट नेचर पार्क का आज लोकार्पण हो रहा है, इस नेचर पार्क से आम लोगों को फायदा मिलेगा, साथ ही पर्यवरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा हम सब का दायित्व है। इस परिकल्पना करते हुए कार्य का शुभारंभ तत्कालीन वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी और सीसीएफ दिलराज प्रभाकर के कार्यकाल में हुआ था और वर्तमान वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल और सीसीएफ राजेश चंदेले के कार्यकाल में लोकार्पण हुआ।

उल्लेखनीय है कि चारामा परिक्षेत्र के सिरसिदा बीट के कक्ष क्रमांक 1474 में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पर्यावरण वानिकी मद से 49 लाख 85 हजार रूपए की लागत से इंदरू केंवट नेचर पार्क जैसाकर्रा का निर्माण किया गया है, जो लगभग दो हेक्टेयर वन भूमि में फैला है। पर्यावरणीय शिक्षा, वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता और प्रकृति संरक्षण की भावना को जन-जन तक पहुंचाना तथा स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों, पर्यटकां और शोधार्थियों को प्रकृति के समीप लाना इसका मुख्य उद्देश्य है ताकि वे वन, वनस्पति, जीव-जंतु और पारिस्थितिकी के महत्व से अवगत हो सकें। उक्त नेचर पार्क में एक प्रवेश द्वार, टिकट काउंटर, पर्यटकों के लिए नेचर ट्रेल्स, लॉन एरिया, गार्डन, ओपन जिम, छोटे बच्चों हेतु प्ले एरिया, बैठने हेतु पैगोडा निर्माण, फव्वारा, शौचालय, पौधों की सिंचाई के लिए ओवरहेड टैंक एवं बंबू सैटम आदि का निर्माण किया गया है। यहां 40 प्रकार के फूलदार पौधे, 50 वृक्ष प्रजाति के पौधे, 20 प्रजाति के औषधीय पौधे तथा 17 प्रजाति के बांस के पौधों को रोपण किया गया है। इसका संचालन वन प्रबंधन समिति जैसाकर्रा द्वारा किया जाएगा।

आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव, नगर पंचायत चारामा के अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, आलोक ठाकुर, नरेन्द्र यादव, नंदकुमार ओझा, सरपंच जैसाकर्रा रविलाल नायक, एसडीएम चारामा नरेंद्र बंजारा, अनुविभागीय अधिकारी वन जसवीरसिंह मरावी, तहसीलदार सत्येन्द्र शुक्ल सहित जनपद सदस्य, वन प्रबंधन समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# ईडी कार्रवाई के विरोध में युकां ने प्रधानमंत्री का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा दर्ज किए गए प्रकरण के विरोध में ब्लॉक युवा कांग्रेस दुर्गुकोंदल ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित किया गया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हाथों में तख्तियाँ और पार्टी ध्वज लिए जमा हुए तथा केंद्र सरकार की नीतियों के विरुद्ध नारेबाज़ी की।

प्रदर्शन के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था भी बनाई गई। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि मामले को लेकर केंद्र सरकार द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आने वाले दिनों में आंदोलन और भी उग्र किया जाएगा तथा ज्ञापन सौंपकर आगे की रणनीति घोषित की जाएगी। समग्र रूप से यह विरोध प्रदर्शन ईडी की कार्रवाई के प्रति स्थानीय स्तर पर असंतोष को दर्शाता है। युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकाश यदु ने कहा कि विपक्षी दल के नेतृत्व पर कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है। उनका कहना था कि आम जनता वास्तविकता को समझ चुकी है और राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से की जा रही कार्रवाई को स्वीकार नहीं करेगी। युवा कांग्रेस नेता महत्तम दुग्गा ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को दबाने व परेशान करने के लिए जाँच एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन होना आवश्यक है। नेताओं ने ईडी कार्रवाई को रोकने एवं विपक्ष की आवाज़ को बुलंद बनाए रखने का संकल्प भी व्यक्त किया।

प्रदर्शन में युवा कांग्रेस नेता प्रकाश नूरेटी, लतीफ़ ध्रुव, हरेंद्र नाग, आशीष मरकाम, राहुल श्रीवास्तव, राजकुमार मरकाम, मुकेश तारम, गन्नू सिन्हा, रघुनंदन गोस्वामी, यशवंत कावड़े, दिनेश माहवे, जीतू साहू तथा युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वालीबाल प्रतियोगिता में सेक्टर दुर्ग बी की जीत



**दुर्गुकोंदल।** 178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा मंगलवार को सामरिक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में इंटर सेक्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। फ्रंटियर स्तर पर वॉलीबॉल टीम के चयन और ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल चार टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता की विशेषता यह रही कि प्रत्येक टीम के 50 प्रतिशत खिलाड़ी स्थानीय ग्रामीण युवाओं में से चुने गए, जिससे सीमा सुरक्षा बल और आमजन के बीच खेल के माध्यम से सहभागिता और मजबूत हुई। रोमांचक मुकाबले, दमदार प्रदर्शन, कड़े मुकाबलों के बाद फाइनल मैच सेक्टर दुर्ग बी टीम और सेक्टर रायपुर बी टीम के बीच खेला गया। जबरदस्त खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए सेक्टर दुर्ग बी टीम ने 2-0 से विजय प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया। खिलाड़ियों की जुझारू भावना और रणनीतिक खेल देखकर उपस्थित दर्शकों ने खूब उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान रवि भूषण, जेआर कुजुर, शैलेंद्र शर्मा सहित बीएसएफ के अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# धान बिक्री से आनंद को मिली दुगुनी राशि, अब घरेलू जरूरतें होंगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत 15 नवम्बर से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जा रहा है। इससे प्राप्त राशि से किसानों के जीवन में आर्थिक बदलाव आया है। दैनिक आवश्यकताओं के अलावा बड़े खर्चों में उक्त राशि का उपयोग जिले के किसान कर रहे हैं। चारामा विकासखण्ड के ग्राम कानापोड़ के प्रगतिशील किसान आनंद सिंह निषाद ने इस वर्ष खेती में बेहतर परिणाम प्राप्त किया है। उनके पास एक एकड़ कृषि भूमि है, जिस पर उन्होंने 20 क्विंटल धान का उत्पादन लिया और इसे खरीदी केंद्र लखनपुरी में बेचा।

किसान आनंद ने बताया कि धान बेचकर उससे प्राप्त पैसे से वे अपने घर की आवश्यक जरूरतों को पूरा करेंगे तथा शेष राशि को खेती-बाड़ी के कार्यों में लगाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की दलहन-तिलहन प्रोत्साहन नीति से प्रेरित होकर उन्होंने अपने खेत में फसल विविधीकरण भी अपनाया है। इसी के तहत उन्होंने 20 डिसमिल रकबे में उड़द, 30 डिसमिल में तिल एवं लगभग 40 डिस्मिल में मूंग की बुआई की, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी प्राप्त हुई है। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समर्थन मूल्य में धान की खरीदी और दलहन-तिलहन फसलों के लिए एमएसपी आधारित खरीदी व्यवस्था से किसानों को उनकी मेहनत का सही और पूरा दाम मिलता है, जिससे खेती अब अधिक लाभकारी बन रही है। फसल विविधीकरण और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए किसान आनंद की यह सफलता अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक है।

# एजेंसियों की लापरवाही पर कार्रवाई नहीं होने से गैस उपभोक्ता परेशान,




**पखांजूर।** क्षेत्र में तीन एलपीजी गैस एजेंसियाँ होने के बावजूद उपभोक्ता लगातार गैस सिलेंडर की किल्लत और ओवर रेटिंग की समस्या से जूझ रहे हैं। त्योहारों के मौसम के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी मांग बढ़ी है, मगर सप्लाई अपनी रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। उपभोक्ता लगातार संबंधित विभाग से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि तीन एजेंसियों के बाद भी गैस की किल्लत होना व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर के लिए उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। बुकिंग के बाद समय पर डिलीवरी नहीं होती और कई बार एजेंसी पहुंचने पर भी स्टॉक खत्म होने की जानकारी दे दी जाती है एवं दो माह से एक एजेंसी पर ताला जड़ा हुआ है, जिससे इस एजेंसी के उपभोक्ताओं को हर दिन चक्कर काटना पढ़ रहा है। इससे दैनिक घरेलू एवं दुकानों के कामकाज प्रभावित हो रहा है। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि नियमित मूल्य 941 रुपए है पर ग्राहकों से अधिक राशि वसूली जा रही है, जिसकी शिकायत खाद्य विभागीय अधिकारियों को मौखिक एवं खबरों के माध्यम से किया गया था पर आज दिनांक तक एजेंसी पर ना तो कार्रवाई की गई और ना ही ओवर रेटिंग पर अंकुश लगी। बिना रसीद के अतिरिक्त शुल्क की मांग आम बात हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी खराब है, जहां डिलीवरी कर्मी मनमाने दाम पर सिलेंडर दे रहे हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला कनेक्शन जो गरीबो के लिए चलाया जा रहा है आज तक कनेक्शन नही मिलने के चलते रोज एजेंसी के सामने खड़े हो जाते है पर ताला लगा होने के कारण निराश होकर वापस जाना पड़ता हैं।

# विधायक सावित्री मंडावी ने विद्यार्थियों का बढ़ाया मनोबल, बिना तनाव पढ़ें



**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी एक दिवसीय प्रवास के दौरान मंगलवार को दुर्गुकोंदल पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं का भ्रमण कर बच्चों से संवाद किया और विशेष रूप से बोर्ड परीक्षार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए नियमित पढ़ाई, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। एक दिवसीय प्रवास के दौरान विधायक सावित्री ने छात्रों को तनावमुक्त रहकर लक्ष्यों की ओर बढ़ने की सलाह देते हुए कहा बिना किसी दबाव के, मन लगाकर पढ़िए। अच्छे अंक हासिल कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और इस क्षेत्र को गौरवान्वित करने का अवसर आपके पास है। विधायक को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने अपनी पढ़ाई और भविष्य की आकांक्षाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका विधायक ने आत्मीयता से उत्तर दिया। सावित्री मंडावी ने विद्यालय परिसर, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, कक्षाओं और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और शिक्षण गुणवत्ता को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य में बड़े अवसर प्राप्त होंगे। विद्यालय प्रबंधन, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्रों में पढ़ाई के प्रति और अधिक उत्साह व प्रेरणा बढ़ेगी।

## टेल एरिया के सैकड़ों किसान होंगे लाभान्वित

# पित्तेभोडिया माइनर 2 का सिंचाई विभाग ने जीर्णोद्धार किया शुरू, किसानों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



सिंचाई सुविधाओं की कमी से जूझ रहे कापसी क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। सिंचाई विभाग कापसी के द्वारा बहुप्रतीक्षित पित्तेभोडिया माइनर 2 नहर का जीर्णोद्धार और मेंटेनेंस कार्य आखिरकार शुरू कर दिया गया है। इस कार्य के शुरू होते ही क्षेत्र के ग्रामीण और किसान समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय ग्रामीण रूप सिंह, सोनसिंह व हरिसिंह नेताम ने बताया कि पित्तेभोडिया माइनर 2 की दशा पिछले कई वर्षों से अत्यंत जर्जर हो चुकी थी। नहर की पटरी टूटने, तल में गाद जमने और जगह-जगह अवरोध पैदा होने के कारण इसकी जल वहन क्षमता लगभग समाप्त हो चुकी थी। किसानों ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि नहर की दुर्गति इतनी हो गई थी कि आधे छोर तक भी पानी नहीं पहुंच पाता था, जिसके चलते आखिरी छोर के सैकड़ों किसान सिंचाई से वंचित रह जाते थे। पर्याप्त पानी के अभाव में उनकी फसल का उत्पादन प्रभावित हो रहा था और किसानों को लगातार आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा था। सिंचाई विभाग द्वारा शुरू किए गए इस जीर्णोद्धार कार्य में नहर के बेड तल की सफाई, आवश्यक मेंटेनेंस कार्य शामिल हैं। बता दे कि पित्तेभोडिया माइनर 2 की अनुमानित लंबाई 3 किमी से अधिक है। विभाग का लक्ष्य है कि इस कार्य के पूरा हो जाने के बाद नहर की जल प्रवाह क्षमता सुचारू हो जाएगी और लगभग 700 से 800 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस माइनर के पुनर्जीवित होने से न केवल किसानों को समय पर पानी मिलेगा, बल्कि जल वितरण में भी समानता आएगी, जिससे दूर-दराज के खेतों तक भी पानी की पहुंच सुनिश्चित होगी और फसल उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। ग्रामीण मनोज दास, कृपा सिंधु, हरि सिंह नेताम को विश्वास है कि इस बार उन्हें सिंचाई के लिए इस नहर से भरपूर और पर्याप्त पानी मिल पाएगा, जिससे उनकी फसलें लहलहा उठेंगी। उन्होंने कहा कि नहर का जीर्णोद्धार हो जाने के बाद नहर के आखिरी छोर तक पानी पहुंचेगी और पर्याप्त फसल होगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस कार्य को शुरू करवाने के लिए स्थानीय किसानों और ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी, सिंचाई, कापसी, आरएल धीवर एवं समस्त स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया है। ग्रामीणों ने एसडीओ को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी पहल और त्वरित कार्रवाई से यह वर्षों पुरानी समस्या दूर हो पाई है।

## पेज 11 के शेष...

### कुरना में अंतिम...

दूसरे गांव हो गई, वहीं बेटा मोतीराम कुरना में रहता है। कुछ दिनों पहले बुदेली और डोंगरकट्टा में रहने वाली बहन माँ को अपने साथ ले गई। दोनों बेटियां लंबे समय से ईसाई समाज से जुड़ी हुई हैं और इसी दौरान मुरही भी उनके साथ रहते हुए धर्मांतरित हो गई थीं। इस बीच माँ मुरही की तीन दिन पहले 1 दिसंबर को डोंगरकट्टा में ही मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद बेटी ने अपने कुरना निवासी भाई से अंतिम संस्कार की अनुमति मांगी, लेकिन यहीं से विवाद की शुरुआत हुई। भाई ने बहन को कहा कि आपने धर्मांतरण कर लिया है, वहीं पर अंतिम संस्कार कर लो, यह मत लाओं, नहीं तो बेवजह विवाद होगा। बहन नहीं मानी और उसी दिन शव लेकर कुरना पहुँच गई। गाँव वालों को इस मामले की जानकारी हुई। गाँव के गायता, पटेल और जनप्रतिनिधि ने 2 दिसंबर को बैठक का आयोजन किया और मृतक के बेटे से बातचीत किया। मृतक के बेटे ने कहा कि मैने धर्म परिवर्तन नहीं किया, बहनों ने किया है और उन्होने धर्म परिवर्तन करवाया है, उनकी जिम्मेदारी है कि अंतिम संस्कार करे, गाँव में करने नहीं दिया जाएगा।

प्रशासन ने टाला बड़ा टकराव

प्रशासन समय रहते मौके पर नहीं पहुँचता, तो विवाद और बढ़ सकता था। अधिकारियों ने संयम और समझदारी से दोनों पक्षों को शांत कराया और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को वैकल्पिक स्थान पर संपन्न करवाया। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद माहौल को शांत बनाए रखने में सहयोग दिया।

### राहुल और सोनिया...

करेगी। युवा कांग्रेस ऐसे तानाशाही रवैए के खिलाफ सड़क से संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। आयोजित विरोध कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के विधानसभा महासचिव अर्जुन देवांगन, पार्षद रानू सेन, कमलकांत तारम, सुरेंद्र साधवानी, विकास मंडावी, कैलाश कैठोलिया, समीर बंछोर, बलवंत साहू, रवि मगतानी, भूपेश सिन्हा, डिगेश, जय साहू, शिव सोनवानी, भूपेंद्र भुआर, चंदन रजक, दीपक डोंगरे, सोनू साहू, भुवन देवांगन सहित युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया याद



**भानपुरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विकासखंड बस्तर में आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद के हॉकी में योगदान के बारे में विद्यालय के बच्चों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर बीमा सलाहकार भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता मुकेश जे सोनी के द्वारा विद्यालय को हॉकी स्टिक एवं हॉकी गेंद उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में इन बच्चों को हॉकी के बारे में जानने और हॉकी खेलने का अवसर प्राप्त हो सके। इसके लिए विद्यालय परिवार की ओर से ताम्रध्वज साहू व्याख्याता के द्वारा सोनी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## 20 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में मृतिका सुषमा सोढ़ी के निकटतम वारिस उनकी माता लच्छी सोढ़ी निवासी ग्राम तालनार तहसील भैरमगढ़ को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह तालाब में डुबने से मृत्यु के प्रकरणों में मृतक नवीन हपका के निकटतम वारिस उनके पिता मोटू हपका, मृतक दिनेश कोरसा के निकटतम वारिस उनके पिता लच्छु कोरसा, मृतिका मनिता हपका के निकटतम वारिस उनके पिता मोटु हपका एवं मृतिका मोतिबाई बोडडू के निकटतम वारिस उनके पति जगनाथ बोडडू निवासी ग्राम पदेड़ा तहसील गंगालूर प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायक राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

## सौर ऊर्जा का प्रकाश, ग्रामीण जनजीवन में लाया उजाला

**दंतेवाड़ा।** ऊर्जा के गैर परम्परागत एवं नवीनीकरण योग्य स्त्रोत के विकास के अन्तर्गत अक्षय उर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा अविद्युतीकृत ग्रामों में सुलभ घरेलू प्रकाश मुहैया कराया जाना ग्रामीण जन जीवन में एक बड़ा बदलाव साबित हुआ है। विशेषतौर पर दूरस्थ वनांचल के ग्राम जो अंधेरे में रहने के लिए अभिशप्त थे। वे आज सोलर होम लाईट संयंत्र, सौलर फोटो वॉल्टाईट सेल और हाई मास्ट की रोशनी से सराबोर है। जिन ग्रामों की गलिया चौक चौराहे षाम होते ही सुनसान हो जाती थी, अब वही ग्राम देर रात्रि तक चहल पहल से आबाद रहते है। इस क्रम में जिले के नियद नेल्लानार योजना (आपका अच्छा गांव) के तहत शामिल ग्रामों में भी क्रेडा द्वारा अपनी योजनाओं का महत्वपूर्ण क्रियान्वयन किया जा रहा है।

प्रेसवार्ता : नव नियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन पर बोला हमला

# भाजपा नफरत से राज करना चाहती है कांग्रेस मोहब्बत से जवाब देगी : हरीश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष हरीश कवासी ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा सरकार और जिला प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया से जिले के कई आदिवासी अपने मताधिकार से वंचित होने की कगार पर हैं, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।

■ एसआईआर प्रक्रिया से कई आदिवासी मताधिकार से वंचित




घुसपैठियों के मुद्दे पर भाजपा को घेरते हुए हरीश ने कहा कि 2014 से केंद्र में भाजपा की सरकार है। बाहरी लोगों की कथित घुसपैठ अगर हुई है, तो इसके लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार की नाकामी जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि जहां चुनाव आते हैं, वहां भाजपा घुसपैठ का मुद्दा उठाती है, लेकिन ठोस कार्रवाई कहीं नजर नहीं आती। यह सिर्फ राजनीतिक ध्रुवीकरण का प्रयास है। भाजपा देश को आपस में लड़ाकर राज करना चाहती है, लेकिन राहुल गांधी नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम कर रहे हैं और इसी वजह से भाजपा की राजनीति को चुनौती मिल रही है।

### जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी पर खरा उतरने का भरोसा

हरीश कवासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर जो भरोसा जताया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कोंटा विधानसभा की जनता ने लगातार 6 बार कवासी लखमा पर भरोसा जताया, उस विश्वास को बनाए रखने की जिम्मेदारी भी पार्टी की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूत किया जाएगा, ताकि जनता की आवाज सड़कों से लेकर सदन तक पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव से पहले प्रदेश की जनता से जो वादे किए थे, उनमें से कोई भी धरातल पर पूरे नहीं हुए। कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाते हुए जनता से जुड़े हर मुद्दे पर सरकार को जवाबदेह बनाएगी, चाहे इसके लिए जमीनी स्तर पर आंदोलन ही क्यों न करना पड़े।

### पंचायतों के साथ भेदभाव,फंड रोकने का आरोप

हरीश कवासी ने कहा कि पंचायत चुनाव हुए लगभग एक साल बीत चुका है, लेकिन अब तक पंचायतों को बुनियादी सुविधाओं के लिए राशि नहीं मिली है न सरकार गंभीर है, न जिला प्रशासन। उन्होंने आरोप लगाया कि बस्तर में उपलब्ध डीएमएफ की राशि सुकमा जिले की ग्राम पंचायतों को जारी नहीं की जा रही है। कई पंचायतों में विकास कार्यों की राशि के वितरण में स्पष्ट भेदभाव किया जा रहा है। सत्ता पक्ष से जुड़ी पंचायतों को फंड दिया जा रहा है, जबकि विपक्षी पंचायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कवासी ने कहा कि मांग पत्र लेकर जाने पर कलेक्टर कार्यालय में यह पूछा जा रहा है कि आप किस पार्टी से हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि जिला प्रशासन के जिम्मेदार ही राजनीति करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक पद से इस्तीफा देकर खुलकर राजनीति में आ जाना चाहिए। लेकिन प्रशासनिक पद पर रहकर भेदभाव किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जिला प्रशासन का यही रवैया जारी रहा, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### किसानों की हालत बदतर धान खरीदी नहीं हुई शुरू

हरीश कवासी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने का दावा किया था, लेकिन सुकमा जिले में अब तक खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। किसान परेशान हैं। उनसे हमाली और बारदाने का पैसा वसूला जा रहा है, जबकि कांग्रेस शासनकाल में किसानों से एक भी पैसा नहीं लिया गया था और समर्थन मूल्य की पूरी राशि दी जाती थी। उन्होंने कहा कि सुकमा एक अतिसंवेदनशील जिला है, लेकिन यहां स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति बदहाल है। जहां डॉक्टरों की जरूरत है, वहां डॉक्टर नहीं हैं। पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को भटकना पड़ रहा है, जो व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

### गुप्त निविदाओं से भ्रष्टाचार का आरोप

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने नगर निकायों में गुप्त निविदाएं लगाए जाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में जिन भाजपा नेताओं द्वारा गुप्त टेंडर का आरोप लगाया जाता था, आज वही नेता खुद उन्हीं तरीकों से भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

हरीश कवासी ने कहा कि आर्सेलर मित्तल स्टील कंपनी द्वारा शबरी नदी से पानी का दोहन किया जा रहा है, लेकिन इसके बदले प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कोई सहयोग नहीं दिया जा रहा है। पंचायतों को विकास कार्यों की राशि नहीं मिल रही। उन्होंने आरोप लगाया कि लौह अयस्क से निकलने वाला वेस्ट मटेरियल अवैध रूप से किरंदुल से सुकमा लाकर डंप किया जा रहा है, जिसके कारण गंभीर पर्यावरणीय नुकसान की आशंका है। इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए।

## नवभारत साक्षरता अभियान रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



**बीजापुर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आज कलेक्टर संबित मिश्रा ने साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के सभी चार ब्लॉक मुख्यालयों सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर आगामी 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन महापरीक्षा के लिए लोगों को जागरूक करेगा। कलेक्टर ने बताया कि महापरीक्षा 7 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षर सम्मिलित होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले भर में सशक्त एवं प्रभावी प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को उल्लास शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया, जिला मिशन समन्वयक कमल दास झाड़ी, एपीसी जाकिर खान, साक्षरता मिशन के नोडल अधिकारी बसमैया अंगनपल्ली सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईआईसी रीजनल मीट में एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक की सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

एसएसआईपीएमटी रायपुर में आयोजित आईआईसी रीजनल मीट में एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा ने विशिष्ट उपस्थिति दर्ज कराई। जिसका उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में संस्थान के

■ प्राचार्य ने बताया यह कॉलेज के लिए गर्व का विषय

आईआईसी अध्यक्ष राघवेंद्र धर दीवान ने प्राचार्य के मार्गदर्शन में कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया। मीट के दौरान उन्होंने वर्षभर में किए गए नवाचार व उद्यमशीलता



संबंधी कार्यों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि क्षेत्र के कुल 16 पोस्टरों में से केवल एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा ही ऐसा पॉलिटेक्निक संस्थान था जिसने न केवल पोस्टर प्रस्तुत किया, बल्कि मीट में सक्रिय रूप से उपस्थित होकर अपने कार्यों को साझा किया। प्राचार्य ने बताया कि यह कॉलेज के लिए गर्व का विषय है कि संस्था ने नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और आईआईसी गतिविधियों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। यह सहभागिता संस्था की प्रतिबद्धता एवं कार्यों की गुणवत्ता को दर्शाती है और आने वाले समय में नवाचार गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगी।

# आत्मसमर्पित नक्सली पहुंचे कलेक्टर कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

जिले में आत्मसमर्पित नक्सलियों ने आज एक बार फिर अपनी परेशानियां प्रशासन के सामने रखीं। भारी संख्या में पूर्व नक्सली बीजापुर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और समर्पण के बाद से अब तक रोजगार न मिलने पर नाराज़गी जताई।

गौरतलब है कि बीजापुर जिले के कोंडापल्ली और चेलरपाल क्षेत्र में सक्रिय जनताना सरकार से जुड़े तक़रीबन सौ के आसपास नक्सलियों ने हाल ही में आत्मसमर्पण किया था। शासन की पुनर्वास नीति के तहत इन्हें सुरक्षा, आर्थिक सहायता और रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है, लेकिन आत्मसमर्पण के कई महीनों बाद भी इन पूर्व नक्सलियों को स्थायी रोजगार नहीं मिल पाया है। कलेक्टर कार्यालय पहुंचे पूर्व



नक्सलियों ने बताया कि समर्पण के बाद उन्होंने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया, लेकिन रोजगार न मिलने से उनका जीवन कठिनाई में है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द रोजगार उपलब्ध कराने और पुनर्वास संबंधी वादों को पूरा करने की मांग की है।

राज्य सरकार जहाँ एक ओर नक्सली प्रभावित इलाकों में आत्मसमर्पण अभियान को बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है, वहीं दूसरी ओर समर्पित नक्सलियों के लिए रोजगार और पुनर्वास की व्यवस्था न होने से सवाल उठने लगे हैं, पिछले कुछ महीनों में कई नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। प्रशासन ने इसे शांति स्थापना की दिशा में बड़ी सफलता बताया है। हालाँकि, समर्पित नक्सलियों का कहना है कि सरकार ने आत्मसमर्पण तो करवा दिया, पर रोजगार, प्रशिक्षण और पुनर्वास की जो योजनाएँ कागज़ों में थीं, वे ज़मीन पर नज़र नहीं आ रहीं।

आत्मसमर्पित नक्सली युवाओं ने बताया कि वे समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, लेकिन रोजगार के अभाव में उनका भविष्य अधर में लटक गया है। कई लोगों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें कौशल प्रशिक्षण, आजीविका सहायता और स्थायी नौकरी का अवसर दिया जाए, ताकि वे दोबारा हिंसा के रास्ते पर न लौटें। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी सरकार से पुनर्वास योजनाओं को तेजी से लागू करने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि सरकार ने समय पर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया, तो आत्मसमर्पण अभियान का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। बहरहाल, सच यह है कि आत्मसमर्पण के बाद रोजगार की कमी से कई युवाओं में निराशा बढ़ रही है।

# महिलाओं की आवाज़ होगी बुलंद,जेंडर समानता केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

जिला पंचायत संसाधन केंद्र जैतालूर मार्ग में जेंडर समानता केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे की उपस्थिति में जनपद पंचायत बीजापुर के अध्यक्ष सोनू पोटाम ने रिबन काटकर केंद्र का शुभारंभ किया।

केंद्र का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाना है। यहां लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने, जागरूकता अभियानों के संचालन, प्रशिक्षण व्यवस्था और विभिन्न विषयों पर शोध गतिविधियाँ संचालित की



जाएँगी। उद्घाटन के अवसर पर जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम ने महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह केंद्र उनके लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। जिला सीईओ नम्रता चौबे ने कहा कि जेंडर समानता केंद्र समाज में नई सोच, नई दिशा और नई चेतना का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित एनआरएलएम अधिकारियों, जीआरसी कैडर और स्व सहायता समूह की महिलाओं को अधिकाधिक महिलाओं तक अधिनियम और अधिकारों की जानकारी पहुँचाने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र की स्थापना से समाज में सकारात्मक और संवेदनशील परिवर्तन देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर जनपद बीजापुर के उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, जनपद सदस्य धनेश्वरी बाकड़े, सरपंच अनीता कक्केम, जनपद बीजापुर सीईओ पीआर साहू, महिला संरक्षण अधिकारी शीला भारद्वाज, पुलिस विभाग से एएसआई पूनम शर्मा, डीपीएम एनआरएलएम सुश्री कल्पना दीप सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों की प्रतिभा, साहस और क्षमता सभी के लिए प्रेरणादायक : अटामी

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा/गीदम

विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर गीदम स्थित एजुकेशन सिटी जावंगा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को उजागर करते हुए, उनमें आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता और आत्मसम्मान को मजबूत करना रहा। इस आयोजन में विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष

■ क्षमता किसी शारीरिक कमी की मोहताज नहीं होती : नाहटा

नंदलाल मुड़ामी ने भी अपने संबोधन में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति शुभकामनाएं देते हुए कहा यह बच्चे किसी भी प्रकार से कम नहीं हैं, बल्कि इनकी अंदरूनी प्रतिभा को निखारने और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। समाज का दायित्व है कि इन्हें समान अवसर, सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान किया जाए, ताकि ये अपने सपनों को साकार कर सकें।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ये बच्चे किसी भी सामान्य बच्चे से कम नहीं हैं। बस आवश्यकता है सही मार्गदर्शन, सहयोग और अवसर की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे के भीतर कोई न कोई विशिष्ट गुण होता है, जिसे निखारकर समाज के सामने लाना हमारा सामूहिक दायित्व है।




### प्रधानमंत्री के समक्ष प्रदर्शन करना काबिले तारीफ

मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए अत्यंत विशेष है, क्योंकि यह दिन विशेष रूप से दिव्यांगजनों की प्रतिभा, साहस और क्षमता को सम्मान देने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि ईश्वर किसी को भी अधूरा नहीं बनाता, हर व्यक्ति के भीतर कुछ विशेष गुण और असाधारण क्षमताएँ होती हैं। यदि किसी में एक कमी होती है तो भगवान उसे उसकी पूर्ति के लिए अनेक शक्तियां भी प्रदान करते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि जिले के सक्षम विद्यालय के दिव्यांग छात्रों द्वारा घुड़सवारी में जिले का नाम रौशन किया जाना, साथ ही जिले के ही दिव्यांग छात्रों का देश के प्रधानमंत्री के समक्ष अपने हुनर का प्रदर्शन करना काबिले तारीफ है। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों द्वारा मटका फोड़, जलेबी दौड़ की प्रस्तुति की प्रशंसा की और इसे दिल को छू लेने वाला अनुभव बताया। उन्होंने कहा, "संगीत, तबला और ढोलक को इन बच्चों ने जिस खूबसूरती से बजाया है, वह अद्भुत है। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हुई कि ये बच्चे इशारों के माध्यम से संवाद और काम कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि समग्र शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में यहां विविध गतिविधियों और कार्यक्रमों जैसे मटका फोड़, बुच्ची बाल, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, के अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और बौद्धिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के मटकी फोड़ प्रतियोगिता से की गई, जिसे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक देखा और सराहा। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं डीएमसी हरीश गौतम, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

पात्र दिव्यांगजन को सहायक उपकरणों का वितरण

# दिव्यांगजन को मुख्यधारा से जोड़कर समानता स्थापित करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में एजुकेशन सिटी स्थित समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दिव्यांगजन ने उत्साहपूर्वक विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी, समाज कल्याण विभाग नारायण प्रसाद गवेल ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 1992 में समानता, समान अवसर, स्वावलंबन एवं सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस घोषित किया गया था। इसी क्रम में बीजापुर जिले में भी दिव्यांगजन को प्रोत्साहित करने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।




समर्थ केंद्र में आयोजित प्रतियोगिताओं में गोला फेंक, नींबू, चम्मच दौड़, 50 मीटर दौड़, तेज चाल, चित्रकला, समूह नृत्य जैसी गतिविधियाँ शामिल रहीं।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही पात्र दिव्यांगजन को सहायक उपकरण जैसे ट्राइसिकल, बैसाखी, वाकिंग स्टिक, वाकर एवं अन्य सहायक सामग्री वितरित की गई।

### जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, नगरपालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, विभिन्न जनपद सदस्यों, सरपंचों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई। सभी अतिथियों ने दिव्यांगजन को समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सम्मानपूर्वक एवं समानता के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

## उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण



**बीजापुर।** जिले के उपार्जन केंद्रों का आज आकस्मिक निरीक्षण करते हुए डिप्टी कलेक्टर एवं खाद्य अधिकारी दिलीप उईके, जिला विपणन अधिकारी तामेश नागवंशी तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बीजापुर के नोडल अधिकारी छोटेलाल यादव ने उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने किसानों से धान खरीदी एवं संग्रहण केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं पर चर्चा कर किए। तथा समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटरों को आवश्यक निर्देश दिए। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 20191 किसानों द्वारा 43,428.35 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत किया गया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिले में 30 उपार्जन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक केंद्र पर बैठने एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की गई है।

## खबर संक्षेप



### जर्जर सड़क को लेकर 5 को पदयात्रा और घेराव

**दुर्गूकोंदल।** कोदापाखा से दुर्गूकोंदल तक की सड़क की अत्यंत खराब स्थिति को लेकर क्षेत्रवासी अब आंदोलन के लिए बाध्य हो चुके हैं। इसी क्रम में 05 शुक्रवार को ग्रामीणों द्वारा पदयात्रा कर तहसील कार्यालय घेराव एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले ढाई वर्षों से इस मार्ग की स्थिति जर्जर बनी हुई है। लगातार दो वर्षों से सड़क मरम्मत की मांग के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्य नहीं कराया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुकेश गाबड़े, दीपक कल्लो, विजय कोमरा, संजय मरकाम, नंदकुमार नेताम, भवेश नेताम, अमन नरेटी, नितेन्द्र, राकेश सहित ग्रामीण शामिल थे।

### अमोड़ी संकुल में आज से शालेय बाल क्रीड़ा स्पर्धा

**दुर्गुकोंदल।** संकुल स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केंद्र अमोड़ी के अधीन आने वाले विद्यालयों के लिए 04 दिसंबर को बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ शासकीय प्राथमिक शाला रंगापारा एवं शासकीय प्राथमिक शाला जेठेगांव के संयुक्त प्रांगण में आयोजित होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच उमेश कुमार पोटाई, कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य कृष्णकुमार मंडावी करेंगे।

### एनएसएस शिविर में हुआ पत्रकारिता पर प्रेरक सत्र



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उमावि भानबेड़ा के सात दिवसीय एनएसएस शिविर में बुधवार को पत्रकारिता विषय पर बौद्धिक सत्र आयोजित हुआ। इसमें महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के पत्रकारिता विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता ने पत्रकारिता को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि सूचना शक्ति है और पत्रकार उसका संरक्षक। उन्होंने बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम के विषयों प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल मीडिया, संपादन, फोटो पत्रकारिता, जनसंपर्क, विज्ञापन और मीडिया नैतिकता की जानकारी दी। उन्होने कहा कि आधुनिक पत्रकारिता डिजिटल प्लेटफॉर्म तक फैल चुकी है, जहाँ युवाओं के लिए व्यापक कैरियर अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने जिज्ञासा, सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और भाषा पर पकड़ को एक अच्छे पत्रकार की मूल विशेषताएँ बताया। एनएसएस और पत्रकारिता को समाज सेवा से जुड़ा बताते हुए उन्होंने स्वयंसेवकों के प्रश्नों का समाधान भी किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी रवि प्रकाश लोह सिंह ने आभार व्यक्त किया। शिविर में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

### एड्स से बचने जागरूकता जरूरी

**सुकमा।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय कोण्टा में जनजागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण का आयोजन हुआ।

# उल्लास साक्षरता महापरीक्षा के प्रभारियोंकी बीईओ ने ली बैठक, तय की रणनीति

## भानुप्रतापपुर में चिन्हांकित 10 ग्राम पंचायतों में होगी 7 को परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

खण्ड शिक्षा कार्यालय भानुप्रतापपुर में विकासखण्ड भानुप्रतापपुर में 7 दिसंबर को होने वाली असाक्षरों की महापरीक्षा के संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनेल ने जिम्मेदार ग्राम पंचायत प्रभारियों की बैठक लेते हुए चर्चा किया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर, अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में बीईओ ने सभी ग्राम पंचायत प्रभारियों को कहा कि केंद्र प्रवर्तित उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत परीक्षा में शतप्रतिशत असाक्षरों को शामिल करवाएं। सभी ग्राम पंचायत एवं वार्ड प्रभारियों को कहा कि केंद्र प्रवर्तित महत्वाकांक्षी योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में



### मानिटरिंग की जाएगी

बीआरसी राधेलाल नुरेटी ने बताया कि परीक्षा मे तीन भाग होगें पढ़ना लिखना और गणित ज्ञान। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को पेंसिल रबर आदि उपलब्ध कराया जावेगा। परीक्षा दिवस को अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग भी की जावेगी। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विदयालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के पहल पर आयोजित राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मुल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में साक्षरता कार्यालय के आनंद बनकर , ग्राम प्रभारी हरिलाल दर्रो, कीर्तनराम मंडावी, सोहनराम कुलदीप, विरेंद्र बघेल, सादिक कुरैशी, रमिता नरेटी, भारती चौथानी, संकुल प्रभारी सुनील यदु, जागेश सलामे, दौलत सिंह ठाकुर के साथ साथ सभी ग्राम, एवं सेक्टर प्रभारी उपस्थित थे।

कासखण्ड के 10 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किया गया इस 10 ग्राम पंचायतों में 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए। इन परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गयी है। जिला रिसोर्स पर्सन टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि 7 दिसंबर के परीक्षा के पूर्व परीक्षार्थियों को शिक्षार्थी पर्ची घर घर जाकर वितरण किया जाएगा, जिससे उन्हे पता चल सके कि उनका किस केंद्र में परीक्षा होगा। साथ ही साथ इसके लिए वातावरण निर्माण भी करें। साक्षरता प्रभारी अशोक ठाकुर ने कहा कि परीक्षा के लिए निर्धारित पंजीयन फार्म भी भराया जाएगा, जिसमें असाक्षरों की आवश्यक जानकारी भरी जावेगी। सभी परीक्षा केंद्रों में शिक्षार्थियों के लिए पेयजल प्रकाश और बैठने के लिए कुर्सी टेबल आदि की समुचित व्यवस्था करना होगा, इसके लिए संबंधित सैक्टर प्रभारी संकुल प्रभारियों को दायित्व सौंपा गया है।

## दो साल के कार्यकाल पर शीतला माता मंदिर में विधायक आशाराम नेताम ने की विशेष पूजा

# जनता के विश्वास को बताया अपनी शक्ति, तेज विकास व नई योजनाओं के लिए लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

विधानसभा कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम ने अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार 3 दिसंबर को शहर के ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने माता शीतला से क्षेत्र की शांति, समृद्धि और जनता की उन्नति की प्रार्थना की। आगामी वर्षों में विकास कार्यों को और रफ्तार देने का संकल्प लिया। शीतला मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की भीड़ उपस्थित रही। पारंपरिक विधि-विधान के साथ पुजारियों ने हवन, मंत्रोच्चार के साथ पूजा पाठ विधायक एवं उनके सर्मथकों ने किया। विधायक और पार्टी पदाधिकारियों के साथ माता के चरणों में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।

- बड़ी संख्या में समारोह में ग्रामीण हुए शामिल

मंदिर में पूजा के बाद उन्होंने कहा कि जनता द्वारा दिया गया विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है और वे इसी भरोसे को कायम रखने के लिए लगातार विकास कार्यों को गति देने का संकल्प लेते हैं। विधायक ने मीडिया से बातचीत में बताया कि इन दो वर्षों में क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, ग्रामीण विकास और युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ वन क्षेत्रों तक सड़क और बिजली पहुंचाने का कार्य तेजी से चल रहा है। कई गांवों में पेयजल संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया है।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लगातार प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क और जनसुनवाई उनके कार्य का अहम हिस्सा रहा है। पिछले दो वर्षों में वे लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनते रहे हैं और उन्हें समाधान की दिशा में कदम उठाते रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न विभागों के माध्यम से कई युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है, जिससे उन्हें स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने माता शीतला के समक्ष जनता की सेवा के लिए शक्ति प्रदान करने का संकल्प लिया।







### जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

पूजा-अर्चना के बाद आयोजित एक छोटे कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने विधायक नेताम को दो वर्षों की सफलता पर बधाई दी। श्रद्धालुओं और उपस्थित नागरिकों ने भी विधायक के उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य और क्षेत्र के विकास के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उपस्थितजनों ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास की गति बढ़ी है और कई लंबित परियोजनाओं को नई दिशा मिली है। विधायक नेताम ने सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले तीन वर्षों में वे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए और तेजी से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में कई नई योजनाएं लागू की जाएंगी, ताकि कांकेर विधानसभा आदर्श क्षेत्र के रूप में स्थापित हो सके।

### मंदिर परिसर में बोर पूजा के साथ जल प्रवाह का शुभारंभ

**कांकेर।** शीतला मंदिर परिसर में खुदे हुए बोर के चार माह बाद आखिरकार बुधवार 3 दिसंबर को इसका विधिवत शुभारंभ कर दिया गया। विधायक ने एक दिन पूर्व ही बोर के लिए बिजली कनेक्शन स्वीकृत करवाकर आवश्यक तैयारियां पूरी कराईं। कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर उन्होंने शीतला मंदिर पहुंचकर बोर की पूजा-अर्चना की और उसे श्रद्धालुओं के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और पार्षदगण उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के बाद विधायक ने स्विच दबाकर बोर से जल प्रवाह की शुरुआत की। जैसे ही पानी का प्रवाह शुरू हुआ, मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों के बीच उत्साह और खुशी का माहौल छा गया। वर्षों से पानी की व्यवस्था को लेकर प्रतीक्षा कर रहे श्रद्धालुओं ने इस पहल के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। बोर के शुरू होने से अब मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पौधों की सिंचाई तथा आगंतुकों की सुविधा के लिए निरंतर पानी उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## नारायणपुर पंचायत के ग्रामीणों को मिलेगी मुफ्त बीएसएनएल सेवा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत नारायणपुर में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब ग्राम पंचायत भवन से 500 मीटर की परिधि में रहने वाले प्रत्येक परिवार को मुफ्त बीएसएनएल इंटरनेट सेवा प्रदान की जाएगी। इसी संबंध में आज पंचायत भवन में सरपंच एवं सचिव की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक के दौरान ग्रामीणों को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया गया कि इच्छुक परिवार जल्द से जल्द अपना पंजीयन करवाएं, ताकि उन्हें शीघ्र ही इस निःशुल्क इंटरनेट सुविधा का लाभ मिल सके।

पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि डिजिटल सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है और इससे ग्रामीणों की दैनिक आवश्यकताओं में बड़ा बदलाव आएगा। ग्रामीणों ने इस योजना का स्वागत करते हुए कहा कि मुफ्त इंटरनेट सुविधा से विद्यार्थियों, युवाओं, किसानों और आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा। ऑनलाइन पढ़ाई, जानकारी प्राप्त करने और सरकारी सेवाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। पंचायत ने सभी पात्र परिवारों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## हाईवा-पिकअप की टक्कर में फल दुकान हुई चौपट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भानुप्रातपपुर के मेन चौक में सुबह करीब 5 बजे हाईवा और पिकअप वाहन के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन सीधे फल दुकान में घुस गया, जिससे दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि घटना में किसी बड़े जनहानि नहीं हुई है, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी अधिक बताया जा रहा है। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन लेकर अंतागढ़ रोड की ओर फरार हो गया। पुलिस विभाग को अभी तक हाईवा वाहन के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही वाहन की तलाश में जुटी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन खड़ा था, जिसके चलते यह बड़ा हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मेन चौक में नियमित निगरानी और स्पीड कंट्रोल के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## प्रेम संबंध पर हुआ विवाद, घर में घुसकर डंडे से मारपीट, युवती हुई गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

प्रेम संबंध के विवाद के चलते बांदे थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ घर में घुसकर डंडे से मारपीट करने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल युवती ने उपचार के बाद बांदे थाना पहुंचकर आरोपी युवक और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ईरपानार निवासी हरिदासी राय घरेलू कार्य और मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करती है। चार साल पहले उसकी पहचान पीव्ही 106 निवासी लक्ष्मण घोष से हुई थी और दोनों कुछ समय तक हैदराबाद में साथ रहे। बाद में वे गांव लौट आए, जहां हरिदासी अपने मायके में और लक्ष्मण अपने परिवार के साथ रहने लगा। लक्ष्मण घोष द्वारा दोनों परिवारों को मिलाने की पहल भी की गई, परंतु गांव की बैठक में उसकी पत्नी ने हरिदासी को घर में रखने से इंकार कर दिया। गांव वालों के बीच आपसी विवाद न बढ़े, इस कारण निर्णय हुआ कि दोनों अलग-अलग रहेंगे। हरिदासी ने इस निर्णय को स्वीकार कर लिया। घटना 28 नवंबर की रात की है। हरिदासी के अनुसार, रात करीब 10 बजे लक्ष्मण ने उसे फोन कर अपने आने की बात कही। कुछ देर बाद उसने पुनः कॉल किया, लेकिन कॉल पीव्ही 107 निवासी रंजीत ने उठाया और उसे गाली-गलौज करते हुए धमकाया। इससे भयभीत हरिदासी घर में ही सो गई। आरोप है कि इसके थोड़ी देर बाद रंजीत अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस गया। रंजीत ने उसके बाल पकड़कर उसे बाहर खींचते हुए कहा कि मीटिंग में तय हुआ था कि वह लक्ष्मण से बात नहीं करेगी, फिर उसने फोन क्यों किया। आरोपियों ने डंडे से उसके सिर, पीठ, हाथ, बांह और दाहिने पैर पर हमला किया। घायल अवस्था में युवती किसी तरह पखांजुर अस्पताल पहुंची और उपचार करवाया। स्वास्थ्य में सुधार होने पर वह बांदे थाना पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई।



पुलिस ने आरोपी रंजीत सहित अन्य व्यक्तियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 332(सी) 3, 5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## हाईवा की ठोकर से बाइक सवार युवक की हुई मौत, दोस्त गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार हाईवा वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की जिंदगी खतरे में पड़ गई। चारामा थाना क्षेत्र के जैसाकर्रा के पास हुई इस दुर्घटना में 20 वर्षीय आकाश देवांगन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त राधेश्याम देवांगन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बेहतर इलाज के लिए उच्च केंद्र रेफर किया गया है।

घटना के अनुसार, राजनांदगांव जिले के ग्राम मोतीपुर निवासी सुकनंदन देवांगन अपने परिवार के साथ चारामा में अपने साले के विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए थे। 3 दिसंबर को उनके 20 वर्षीय पुत्र आकाश देवांगन अपने मित्र राधेश्याम देवांगन के साथ मोटर साइकिल सीजी 07 सीजेड 8632 पर चारामा की बस्ती घूमने निकले थे। बताया गया कि वे ग्राम जैसाकर्रा की ओर से घूमकर वापस चारामा लौट रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर साहू समाज के भवन के पास कांकेर की ओर जा रही हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलआर 8438 के चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार में मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस टक्कर में आकाश



देवांगन को सिर, सीना और पैरों में गंभीर चोटें आईं, जबकि राधेश्याम देवांगन के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। दोनों घायल युवकों को तुरंत चारामा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान आकाश देवांगन की मौत हो गई, जबकि राधेश्याम को बेहतर इलाज के लिए उच्च केंद्र रेफर किया गया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पीड़ित परिवार की शिकायत पर चारामा थाना पुलिस ने हाईवा वाहन के चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस ने कहा कि चालक की लापरवाही और तेज गति से इस दर्दनाक हादसे का कारण बना।

## साल्हे में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर जारी

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उमावि साल्हे की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम ठेकाडोडा में 01 दिसंबर से शुरू हुए एनएसएस शिविर 7 दिसंबर तक चलेगा। शिविर की शुरुआत के पहले दो दिनों में स्वयंसेवकों ने ग्राम पटेल, ग्राम गायता एवं ग्राम प्रमुख के मार्गदर्शन में गांव के विभिन्न गली-मोहल्लों में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने कार्ययोजना के अंतर्गत गांव के प्राथमिक शाला परिसर में बच्चों के लिए स्कूल मैदान का निर्माण कर महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके साथ ही बौद्धिक सत्र के दौरान कार्यक्रम अधिकारी ने स्वच्छता एवं सामुदायिक जिम्मेदारी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान किया।



शिविर के रात्रिकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता पर आधारित नाटक का मंचन कर ग्रामीणों को जागरूक किया, जिसे ग्रामीणों ने सराहा। सप्ताह भर चलने वाला यह शिविर गांव के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियों के साथ आगे बढ़ रहा है।

# निरीक्षण दल ने दी सुरक्षा संबंधी जानकारी विद्यार्थियों व श्रमिकों ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

मीवान स्टील्स लिमिटेड की दोड़दे-हाहालदी लौह अयस्क खदान में बुधवार को वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश की विभिन्न प्रतिष्ठित खनन कंपनियों एवं संस्थानों से निरीक्षण दल के सदस्य पहुँचे, जिन्होंने खदान की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। आयोजन में आए अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ी पारंपरिक रीति-रिवाज से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दोड़दे विद्यालय के बच्चों द्वारा




स्वागत गीत व छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से की गई। बच्चों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम के माहौल में सांस्कृतिक रंग घोल दिए।

कार्यक्रम में छात्रों और कर्मचारियों द्वारा पोस्टर, नृत्य, कविता एवं व्याख्यान के माध्यम से खदान संचालन में सुरक्षा के महत्व को प्रस्तुत किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में दोड़दे, हाहालदी और भुरकागुदुम के विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निरीक्षण दल के सदस्यों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कर्मचारियों को भी स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। निरीक्षण टीम ने सभी उपस्थितों को सुरक्षा मानकों एवं सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी, जिसे कर्मचारियों एवं मजदूरों ने काफी सराहा। पर्यावरण संरक्षण का संदेश, खदान परिसर में निरीक्षण दल एवं अधिकारियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संवर्धन की दिशा में सकारात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शंकर पिम्पलकर, दीपक कुमार मंडावी, लिलेश कुमार साहू, विशाल शर्मा, बिरझूराम पुडो, सियालाल तुलावी, राजकुमार तुलावी, सुभाष सिंह, खदान प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी, कामगार एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

